# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

मु.का. दूरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759–221929, पो. बॉक्स नं. – 12 पिन कोड – 495677

**Website :** www. korbamunicipal.in, **Email :** corporationkorba@gmail.com


फा.क्र. / निस–आयु. / 2021 / 6663.....                                   कोरबा, दिनांक 21/09/2021

## <u>लावारिस कबाड़ के नीलामी हेतु आम सूचना</u>

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम कोरबा के परिवहन नगर जोन में लावारिस पड़े चेचीस, डाला व अन्य कबाड़ के पृथक–पृथक लॉट अनुसार ''जहां है, जैसा है'' के आधार पर उच्चतम राशि के निविदा ऑफर **दिनांक 05.10.2021** को दोपहर 3.00 बजे तक बंद लिफाफे में निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति / फर्म निविदा निविदा तिथि के एक दिवस पूर्व अर्थात **दिनांक 04.10.2021** तक निविदा प्रपत्र, राशि रूपये 1,000 / – (एक हजार रूपये) जमा कर कार्यालयीन दिवस व समय पर प्राप्त कर सकते हैं। निविदा की अमानत राशि रूपये 50,000 / – (रूपये पचास हजार मात्र) नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से **दिनांक 04.10.2021** तक जमा कर उसकी प्रतिलिपि संलग्न कर निविदा में भाग ले सकते हैं। एक निविदा अमानत राशि में केवल एक ही लॉट के निविदा ऑफर दिया जा सकेगा। बंद लिफाफे में प्राप्त निविदा प्रपत्र निविदा **दिनांक 05.10.2021** को ही **सायं 4.00 बजे** खोली जावेगी। विस्तृत नीलामी की शर्तें व निविदा प्रारूप कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.), साकेत भवन से कार्यालयीन दिवस व समय पर प्राप्त की जा सकती है।

आयुक्त<br>
नगर पालिक निगम<br>
कोरबा (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)
मुख्य कार्यालय - साकेत भवन आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
मु.का. दूरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759-221929, पो. बॉक्स नं. - 12 पिन कोड - 495677
Website : www. korbamunicipal.in, Email : corporationkorba@gmail.com

## नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थलों पर लावारिस (अनक्लेम्ड्) कबाड़ के निविदा ऑफर की शर्तें

01. निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति/संस्था निविदा में भाग लेने के पूर्व 50,000/- (पचास हजार रूपये) अमानत राशि निविदा दिनांक के 01 दिन पूर्व तक निगम कोष में नगद/डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा तथा उक्त राशि जमा करने की रसीद/पावती की प्रतिलिपि संलग्न करते हुये निविदा दिनांक को बंद लिफाफे में निविदा ऑफर प्रस्तुत करना होगा। बंद लिफाफे के ऊपर निविदा में भाग लेने वाले व्यक्ति/संस्था का नाम व लॉट क्रमांक जिसके लिए निविदा दिया जा रहा है, सुस्पष्ट अंकित करना होगा।

02. निविदा प्रपत्र की राशि रूपये 1,000/- (एक हजार रूपये) जमा कर निविदा प्रपत्र कार्यालय नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.) से कार्यालय दिवस व समय पर निर्धारित निविदा दिनांक के 01 दिवस पूर्व तक प्राप्त कर सकेंगे।

03. संबंधित कबाड़/सामग्री की नीलामी स्थल अनुसार चिन्हांकित लॉट नम्बर के अनुसार "जैसा है, जहां है" के आधार पर की जावेगी।

04. इस निविदा अमानत में केवल एक लॉट की नीलामी का ऑफर दिया जावेगा, एक से अधिक लॉट के लिए एक ही निविदा अमानत से ऑफर डालने पर दिये गये कोई भी ऑफर स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

05. एक व्यक्ति अथवा फर्म पृथक-पृथक निविदा अमानत राशि जमा कर एक से अधिक लॉट के लिए निविदा में भाग ले सकते हैं।

06. निविदा प्रपत्र में निविदा ऑफर अंको एवं शब्दों में सुस्पष्ट अर्थात् बिना कोई कांट-छांट के अंकित किया जावेगा, अस्पष्ट निविदा ऑफर स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

07. निविदा ऑफर निर्धारित दिनांक एवं समय के अंदर नगर पालिक निगम कोरबा के कार्यालय स्थित निविदा बॉक्स में डाले जावेंगे, निर्धारित समय पश्चात प्राप्त निविदा ऑफर स्वीकार योग्य नहीं होगा।

08. निविदा जमा करने की दिनांक को उसी दिन सायं 4.00 बजे खोली जावेगी, जिसके लिए पृथक से कोई सूचना जारी नहीं की जावेगी। निविदाकर्ता निविदा खुलने के समय अपनी उपस्थिति दे सकते हैं।

09. प्रत्येक लॉट हेतु प्राप्त निविदाओं में उच्चतम ऑफर की निविदा स्वीकार की जावेगी।

10. उच्चतम प्राप्त निविदा की सक्षम स्वीकृति पश्चात सूचना दिये जाने पर अमानत राशि को समायोजित कर शेष अंतर की राशि निविदा ऑफरकर्ता को 07 दिवस के अंदर निगम कोष में जमा करना अनिवार्य होगा, शेष राशि 07 दिवस में जमा ना करने पर उच्चतम बोली का 01 प्रतिशत ग्राउण्ड रेन्ट प्रति दिवस की दर से अधिकतम 07 अतिरिक्त दिवस हेतु अनुमति दी जा सकेगी। उक्त अवधि के पश्चात निविदा ऑफर अस्वीकृत/निरस्त कर अमानत राशि राजसात की जावेगी।

क्रमशः.....(02)

# कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

मु.का. दूरभाष : 221288, 222672, फैक्स : 07759-221929, पो. बॉक्स नं. - 12 पिन कोड - 495677

**Website :** www. korbamunicipal.in, **Email :** corporationkorba@gmail.com




11. उच्चतम निविदाकर्ता द्वारा स्वीकृत निविदा के अंतर की राशि जमा करने तक द्वितीय उच्चतम निविदा ऑफरकर्ता की अमानत राशि रोकी जावेगी। उच्चतम निविदाकर्ता द्वारा निर्धारित राशि जमा करने के पश्चात द्वितीय निविदाकर्ता की जमा अमानत राशि वापस कर दी जावेगी।

12. उच्चतम घोषकेता द्वारा निर्धारित अवधि एवं ग्राउण्ड रेन्ट सहित अतिरिक्त अवधि में भी राशि जमा ना करने पर कण्डिका कमांक 10 अनुसार नीलामी बोली निरस्त किए जाने पर द्वितीय घोषकेता की बोली स्वीकृत करने अथवा पुनः निविदा करने का अधिकार आयुक्त, नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.) को होगा।

13. विभिन्न लॉट के स्वीकृत उच्चतम निविदाकर्ताओं के निविदा स्वीकृति पश्चात शेष सम्पूर्ण राशि जमा करने के उपरांत नगर पालिक निगम कोरबा से अभिलेखीय कार्य पूर्ण कर ट्रांजिस्ट पास प्राप्त किया जावेगा एवं ट्रांजिस्ट पास जारी होने के 07 दिवस के अंदर स्वीकृत हुये संबंधित लॉट का कबाड़ हटा लिया जावेगा। 07 दिवस में लॉट स्थल से नहीं हटाने पर नीलामी बोली का 01 प्रतिशत प्रति दिवस की दर से ग्राउण्ड रेन्ट जमा कराकर अधिकतम 10 अतिरिकत दिवस की अनुमति अंतिम रूप से दी जावेगी, उसके पश्चात प्राप्त ऑफर निरस्त कर जमा राशि राजसात कर ली जावेगी।

14. संबंधित निविदाकर्ता द्वारा निविदा में प्राप्त किये गये कबाड़ को नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के किसी भी मार्ग सीमा, सार्वजनिक स्थल अथवा खुले स्थानों पर नहीं रखा जावेगा, अन्यथा संबंधित लॉट का कबाड़ निगम द्वारा पुनः जप्ति की कार्यवाही की जावेगी।

15. निविदा ऑफर में किसी भी निविदाकर्ता के निविदा को रोकने हेतु आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.) को अधिकार होगा।

16. प्राप्त किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत किये जाने का पूर्ण अधिकारी आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.) को होगा, इसके लिए कोई कारण बताना अनिवार्य नहीं होगा।

17. इस निविदा शर्तों में किसी भी प्रकार से संशोधन करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम कोरबा (छ.ग.) को होगा।

आयुक्त<br>
नगर पालिक निगम<br>
कोरबा (छ.ग.)